सत्यमेव जयते

# दमण एवं दीव के 53वें मुक्ति दिवस के अवसर पर

## माननीय प्रशासक
## दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली

## का
## अभिभाषण

## दिसम्बर 19, 2013

माननीय सांसद, दमण एवं दीव

अध्यक्ष, दमण जिला पंचायत,

अध्यक्ष, दमण नगरपालिका परिषद,

विकास आयुक्त,

पुलिस महानिरीक्षक,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

संघ प्रदेश दमण एवं दीव के सभी सचिव

समाहर्ता, दमण

मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रैट (वरिष्ठ स्तर)

न्यायिक मैजिस्ट्रैट (प्रथम श्रेणी)

आदरणीय पूर्व सांसदगण

दमण एवं दीव के स्वतंत्रता सेनानी,

सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधिगण

निर्वाचित प्रतिनिधिगण,

सरकारी अधिकारीगण,

उद्योगपतिगण,

मीडिया के प्रतिनिधिगण,

भाईयों और बहनों,

और प्यारे बच्चों!

दमण एवं दीव के 53वें मुक्ति दिवस के शुभ अवसर पर मैं प्रदेश की जनता का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ और उन्हें बधाई देता हूँ। आज हमें एक क्षण रूककर उन स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीय सैनिकों के महान बलिदान को याद करना है, जिन्होंने इस मुक्ति को संभव बनाया। मैं उन सभी शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

भारत की मुख्य धारा में शामिल होने के बाद, विशेषकर गोवा राज्य से अलग संघ प्रदेश बनने के बाद, प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। आज मैं विभिन्न क्षेत्रों में हाल में हुए विकास एवं प्रगति के कुछ पहलुओं के बारे में बताना चाहता हूँ।

**Infrastructure (Roads/Bridges/Buildings/Water Supply):**

हम प्रदेश के **infrastructure** के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। दमण में पातलिया और बामणपूजा में दो पूलों का निर्माण कार्य अगले चार-पॉच महीनों में पूरा हो जाएगा। लगभग 102 करोड़ रूपये की लागत से तैयार किये जाने वाले **cable stayed bridge** की **DPR**

प्राप्त हो गई है और इसके लिए भारत सरकार की मंजूरी के लिए प्रस्ताव इस सप्ताह भेजा जा रहा है। दमणगंगा नदी पर **coastal highway** के लिए नये पूल का **design** बना लिया गया है और इसका प्रस्ताव भी भारत सरकार की मंजूरी के लिए शीघ्र ही भेजा जा रहा है। मोटी दमण एवं नानी दमण को जोड़ने वाले नये पैदल चलने वाले ब्रिज की **design** तैयार करने के लिए एक **consultant** नियुक्त कर दिया गया है। दमण के झरी एवं मगरवाडा में पूलों का निर्माण भारत सरकार के अनुमोदन के लिए अभी लंबित है।

दीव के लिए लगभग 35 करोड़ रूपये की लागत वाले नये **parallel** घोघला ब्रिज के निर्माण का कार्य-आदेश जारी किया जा रहा है। तड की खाड़ी पर नये ब्रिज का **design** तैयार करने का कार्य प्रगति पर है और हमें आशा है कि जनवरी तक इस ब्रिज के निर्माण के लिए **tender** जारी कर देंगे और इसको बनाने का काम मार्च, 2014 तक शुरू कर दिया जायेगा।

इसके अतिरिक्त, 290 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से सड़कों को चौड़ा एवं सुदृढ़ करने का काम दोनों जिलों में जारी है।

दमण के भैंसलोर में नये सरकारी कार्यालय भवन का निर्माण कार्य 4.5 करोड़ की लागत से शुरू किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, विद्युत विभाग का प्रधान कार्यालय एवं केन्द्रीय भंडार भवन, लेखा कार्यालय के लिए लेखा-भवन और नानी दमण अतिथि-गृह परिसर में 60 कमरे वाले नये भवन का निर्माण कार्य 19 करोड़ रूपये की लागत से शुरू कर दिया गया है।

मधुबन डैम से दाभेल, दुनेठा और मगरवाडा में पेयजल की व्यवस्था के लिए 49 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले जल **pipeline** परियोजना का कार्य जारी हैं। दुनेठा में जल शुद्धिकरण परियोजना 17 करोड़ रूपये की लागत से शुरू की गई है और अगले वर्ष के मध्य तक इसके पूरा करने का **target** है। दाभेल और मगरवाडा में जल शुद्धिकरण क्षमता बढ़ाने के लिए 40 करोड़ रूपये की लागत की परियोजना भी बना दी गई है।

35 करोड़ रूपये की लागत से सरदार सरोवर डैम से दीव जलापूर्ति के **augmentation** का कार्य सौंपा गया है और वर्ष 2015 के मध्य तक इसके पूरा होने की संभावना है।

**Sewerage and Solid Waste प्रबंधन**:

प्रशासन का ऐसा मानना है कि अच्छे **underground sewerage system** सभी शहरी क्षेत्रों के लिए जरूरी है। मोटी दमण के लिए **underground sewerage system** की परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है और इसे दमण नगरपालिका परिषद द्वारा लागू किया जाना है। दीव में लगभग 30 करोड़ रूपये की लागत पर **underground sewerage system** के लिए मंजूरी जल्द ही दे दी जायेगी। हमने नानी दमण एवं भीमपोर, दुनेठा, दाभेल, मरवड, कडैया और कचीगाम के लिए **sewerage system** के **design** को तैयार करने की परियोजना की शुरूआत कर दी है।

पूरे दमण के लिए **Solid Waste Management Project** के लिए **consultant** की रिर्पोट प्राप्त हो गई है और इसकी जॉच की जा रही है। इसी प्रकार पूरे दीव के लिए **Solid Waste Management Project** तैयार कर लिया गया है और लगभग 19 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से इसे जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जायेगा।

**शिक्षा:**

शिक्षा मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है क्योंकि मेरा विश्वास है कि हमारा भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हमारे बच्चों का विकास कैसे होता है। हाल ही में हमने **contract basis** पर 260 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया है जो कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगा।

जैसा कि आप जानते हैं कि हमने कक्षा 11 और पोलिटेक्नीक के प्रथम वर्ष के छात्रों को मुफ्त **laptop** देने की योजना तैयार की थी। हमने इस **scheme** का नाम "उड़ान" रखा है और इसके लिए **laptop** बनाने के लिए उत्पादक को आदेश दे दिया है। इस **scheme** के तहत **laptops** को जल्द ही प्राप्त किये जाने की आशा है और हम जनवरी में छात्रों को इसका वितरण शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रदेश के 20 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सर्वोत्तम परियोजना सुचारू रूप से चल रही है। इन सभी विद्यालयों में **infrastructure** और प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार देखने में आया है। हमने इन सभी स्कूलों का नाम "सरकारी सर्वोत्तम विद्यालय" रखने का निर्णय लिया है, ताकि वह अन्य

विद्यालयों के लिए आदर्श विद्यालय की भूमिका निभायें। इस नयी पहल के अंतर्गत सभी सर्वोत्तम विद्यालयों को सबसे बेहतर **infrastructure, technology** और कई अन्य विशेषताओं से परिपूर्ण बनाया जायेगा। हमने इस **financial year** में दमण एवं दीव के 10-10 उच्च प्राथमिक विद्यालयों को भी इस सर्वोत्तम **scheme** में शामिल करने का निर्णय लिया है।

दीव में पहला **Polytechnic** अगले **academic** वर्ष 2014-15 में शुरू कर दिया जायेगा। इसमें चार **diploma courses** में 120 छात्रों के साथ इसकी शुरूआत की जायेगी। यह घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि प्रदेश में शैक्षणिक वर्ष 2014-15 में **Daman College of Engineering** नाम का पहला **Engineering College** शुरू करने की हमारी योजना है। यह **College** सरकारी **Polytechnic**, दमण के वर्तमान परिसर में शुरू किया जायेगा, जिसमें एक अतिरिक्त भवन के निर्माण का प्रस्ताव है। दीव में **education hub**, जिसमें दीव **College**, दीव **Polytechnic** और **Food and Catering Institute** शामिल है, के **design** का जल्द ही फैसला ले लिया जायेगा। इसके लिए पूरे भारत से **record** संख्या में 37 **architects** ने अपने **design** भेजे हैं।

**स्वास्थ्य:**

पिछले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैंने संजीवनी स्वास्थ्य बीमा योजना की विस्तृत घोषणा की थी, जो संघ प्रदेश में **BPL** और एक लाख रूपये तक की वार्षिक आय वाले गरीब परिवारों को **health cover** देगी। आपको बताते हुए मुझे बहुत खुशी है कि हम इस **scheme** को सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी के जरिये आज से शुरू कर रहे हैं। इस कंपनी ने एक 24 घंटों का **call centre** शुरू कर दिया है और अगले हफ्ते से दमण और दीव दोनों में **enrollment centres** स्थापित करने जा रही है। सभी **eligible** व्यक्ति अगले तीन महीनों के भीतर इन **enrollment centres** पर जाकर स्वास्थ्य बीमा कार्ड तत्काल प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे मुंबई, सूरत, वापी, अहमदाबाद आदि जगहों पर स्थित **empanelled** अस्पतालों में स्वास्थ्य बीमा सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह **scheme** प्रत्येक परिवार को 2 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देगी। साथ ही इसके तहत दुर्घटना एवं मृत्यु स्थिति में प्रति व्यक्ति को एक लाख रूपये तक का **cover** भी है। हमारी पारदर्शी **tender** प्रक्रिया के कारण इस **coverage** के लिए वार्षिक

**premium** को प्रति परिवार मात्र 431/- रूपये पर निर्धारित किया गया है। प्रशासन **BPL** और गरीब परिवारों के लिए **premium** की इस राशि का वहन करेगी, परंतु मैं प्रदेश के सभी अन्य नागरिकों से भी अनुरोध करता हूॅ कि वे इस नाम मात्र की **premium** राशि का भुगतान कर इस **scheme** में शामिल हों। यह **premium** ऐसे बीमा के लिए बाजार दर की तुलना में बहुत ही कम है। मैं प्रदेश के सभी औद्योगिक इकाईयों, होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों के मालिकों से अनुरोध करता हूँ कि वे अपने कर्मचारियों को इस **scheme** में शामिल करें, ताकि हम पूरे देश में स्वास्थ्य बीमा के संबंध में एक मिसाल कायम कर सकें।

एक दूसरा क्षेत्र जहॉ नागरिकों को कठीनाईयों का सामना करना पड़ रहा है वह है संघ प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता की समस्या । कुछ अति विशेषज्ञ सेवाओं जैसे **cardiology** और **nephrology** को **Wockhardt Hospital** से करार के माध्यम से सरकारी अस्पताल दमण में शुरू किया जा चुका है। हम इन सेवाओं के साथ-साथ **Gynaecology** और **Orthopedics** की सेवाऐं भी सरकारी अस्पताल दीव में शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं।

**विद्युत:**

प्रदेश में विद्युत नेटवर्क को बढ़ाने एवं सुदृढ़ करने के लिए हमने कई परियोजनाऐं शुरू की है। कचीगाम/झरी में 9.1 करोड़ रूपये की लागत से 30 मेगावाट क्षमता वाले 66/11KV के एक नये **sub station** का निमार्ण कार्य जारी है। 9.78 करोड़ रूपये की लागत से मगरवाडा **sub station** की क्षमता को 160MVA से बढ़ाकर 220MVA किया जा रहा है। दमण में 1 मेगावाट और दीव में 3 मेगावाट के **Solar Plant** को स्थापित करने के लिए **tender** प्रक्रिया जारी है और हम अगले 6 महीनों के भीतर इन परियोजनाओं को क्रियान्वित करने की आशा रखते हैं।

**मत्स्य (Fisheries):**

मत्स्य उद्योग क्षेत्र के लिए **infrastructure** को उन्नत बनाने के लिए दीव के विभिन्न गॉवों में 6.25 करोड़ रूपये की लागत से कुल 431 मीटर के **fishing platform / jetty** के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

दीव के परंपरागत मछुआरों के लिए **LPG** आधारित **OBM Engine** हेतु एकमुश्त **subsidy** की नई स्कीम लागू की जा चुकी है। हमने पिछले हफ्ते 45 मछुआरों के लिए 54 लाख रूपये की **subsidy** की मंजूरी दी है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान वित्तीय वर्ष में विविध योजना स्कीमों के तहत संघ प्रदेश में 575 मछुआरों को वित्तीय सहायता भी मुहैया करवाई गई है।

मुझे खुशी है कि 24 अगस्त 2013 को पाकिस्तान से रिहा होने के बाद दीव के 55 मछुआरे भाई अपने परिवार के पास लौट आये। पाकिस्तान जेल में बंद दीव के अन्य मछुआरों को जल्द से जल्द रिहा करने का मुद्दा हमने भारत सरकार के समक्ष रखा है।

इस वर्ष हमने उनके परिवारों को दी जानेवाली सहायता राशि को 50 रूपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 100 रूपये प्रतिदिन कर दिया है। यह राशि अप्रैल 2014 से फिर से दुगना कर 200 रूपये प्रतिदिन कर दिया जायेगा, जो ऐसे मछुआरों के दुखी परिवारों को सहायता करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। इसके अतिरिक्त दीव के मछुआरा समुदाय के अनुरोध पर ऐसी वित्तीय सहायता तब भी उपलब्ध कराई

जायेगी जब कोई व्यक्ति दुर्भाग्यवश दूसरी या अधिक बार पाकिस्तान द्वारा पकड़ लिया जाता है।

**समाज-कल्याण**:

हमने समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कल्याण योजनाओं को लागू किया है। एकीकृत बाल विकास योजना के तहत दमण एवं दीव में 0 से 6 वर्ष की आयु-सीमा के 7500 से अधिक बच्चों को 102 आंगणबाड़ियों के जरिये पूरक आहार दिया जा रहा है। 1900 से अधिक गर्भवती एवं स्तनपान करानेवाली माताओं को पूरक पोषण एवं **iron** एवं **folic acid** के टेबलेट नजदीक के आंगणबाड़ी में दिये जा रहे हैं।

**SC/ST/OBC** और अल्प संख्यक समुदायों के छात्रों को प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जा रही है। कक्षा **I** से **X** तक के **SC/ST** छात्र एवं छात्राओं के लगभग 4600 अभिभावकों को नकद सहायता दी जा रही है ताकि वे अपने बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए सजग रहें।

जरूरतमंद एवं निराश्रित व्यक्तियों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महिलाओं, छात्राओं और छात्रों हेतु छात्रावास बनाने के लिए भूमि की तलाश कर ली गई है। जरूरतमंद महिलाओं की सहायता के लिए समर्पित 181 महिला **helpline** भी जल्दी ही शुरू की जा रही है।

वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। 01 से 07 अक्तूबर के दौरान, बुजुर्ग सम्मान सप्ताह मनाया गया, जिसमें उनके स्वास्थ्य की जॉच और आधार कार्ड जारी करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

भारत सरकार की स्वतंत्रता सेनानी सन्मान पेंशन स्कीम के तहत 15 स्वतंत्रता सेनानियों को 12000/- रूपये प्रतिमाह पेंशन दिया जा रहा है। इस संघ प्रदेश के 23 अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को संघ प्रदेश की निधि से 4000/- रूपये प्रतिमाह का पेंशन दिया जा रहा है।

जैसा कि मैंने वादा किया था, मैंने अल्पसंख्यकों के संबंध में एक सलाहकार समिति का गठन किया है और इसकी पहली बैठक अगले हफ्ते आयोजित की जा रही है।

**पर्यटन:**

दमण एवं दीव दोनों प्रदेशों में पर्यटन के विकास एवं बढ़ावे पर हम बहुत जोर दे रहे हैं। हमने अक्तूबर 2013 में मोटी दमण में **Daman Heritage Festival** का पहली बार आयोजन किया, जिसमें विश्वविख्यात बांसुरीवादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया और नृत्यांगना सुश्री रमा वैद्यनाथन ने दर्शकों से खचाखच भरे कार्यक्रम में अपने अदभुत कला की प्रस्तुति की। इस समारोह ने भविष्य में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों के लिए एक ऊँचा पैमाना निर्धारित किया है। दमण में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रति वर्ष ऐसे समारोह के आयोजन की हमारी योजना है।

हम दमण के जमपोर एवं देवका समुद्रतटों पर अच्छे **kiosks** की **design** तैयार कर रहे हैं, जिसे हरेक **season** में **lease** पर दिया जायेगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए संघ प्रदेश के सभी समुद्रतटों पर

पेयजल, प्रसाधन और **changing rooms** की सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। दीव में पानीकोठा और **St. Thomas Church** के पुनुरूद्धार एवं संरक्षण के लिए परियोजनाओं को हमने मंजूरी दे दी है । दीव में एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साईकल ट्रैक का निर्माण जारी है जिसके द्वारा प्रदेश में **eco-tourism** को बढ़ावा देने का हमारा इरादा है । दीव में 2 करोड़ रूपये की लागत से चंडिका माता मंदिर से **Zampa** तक **heritage walkway** का निर्माण किया गया है । पर्यटन स्थल के रूप में प्रदेश के **promotion** का कार्य भी हम शुरू कर रहे हैं । एक नामी विज्ञापन एजेंसी को नियुक्त किया गया है जो अगले 2 महीनों में शुरू किये जाने वाले **promotional campaign** को अंतिम रूप दे रही है।

**राष्ट्रीय खाद्य-सुरक्षा अधिनियम:**

हमने संघ प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य-सुरक्षा अधिनियम को लागू करने हेतु लाभार्थियों की पहचान के लिए **draft criteria** जारी कर दिया है। **Criteria** को अंतिम रूप देने के पश्चात, इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में 1.19 लाख लोगों को रियायती दर से खाद्य पदार्थ जल्द ही मुहैया कराये जायेंगे।

**Information Technology**:

हमने 16.5 करोड़ रूपये की लागत से **UT Wide Area Network** की स्थापना का काम सौंप दिया है, जो सभी महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों को जोड़ेगा। **UT Data Centre** के लिए **tender** को भी जल्द ही अंतिम रूप दिया जा रहा है। हम जल्द ही प्रदेश में **4 common service centres** की स्थापना कर रहे हैं, जिससे लोगों तक विभिन्न सरकारी सेवाऐं एक ही स्थल से उपलब्ध हो पायेंगी।

**कनेक्टिवीटी/Connectivity**:

जैसा कि आप जानते हैं कि दमण एवं दीव जिलों को पिछले 50 वर्षों में हवाई यात्रा के जरिये नहीं जोड़ा जा सका है। लोगों के इस पुराने स्वप्न को संभव बनाने के लिए, हमने लोक प्रतिनिधियों से परामर्श करने के बाद, दमण एयरपोर्ट में **civil terminal** बनाने का काम शुरू कर दिया है जहॉ से **commercial flights** शुरू की जाएंगी। हम जल्द ही **airline** के चयन के लिए एक **tender** जारी करने वाले हैं जो दमण एवं दीव को एक-दूसरे से तथा मुम्बई और अहमदाबाद या बड़ोदरा से जोड़गा।

अगले वित्तीय वर्ष में दमण एवं दीव को **Catamaran** सेवा से जोड़ने का भी मेरा प्रस्ताव है।

**स्थानीय निकाय:**

प्रदेश में स्थानीय निकाय 9000 से भी अधिक वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और अशक्त व्यक्तियों को पेंशन देने के अतिरिक्त लोगों के लाभ के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं और **schemes** पर काम कर रहा है।

नया दीव जिला पंचायत विभिन्न **infrastructure** और विकास कार्यों हेतु आबंटित 18.83 करोड़ रूपये से बहुत कारगर तरीके से अपनी भूमिका निभा रहा है। अबतक विभिन्न परियोजनाओं के लिए 4 करोड़ रूपये का उपयोग किया गया है, जबकि 55 लाख रूपये स्कूल भवनों के **renovation** के लिए खर्च किये जा रहे हैं। जिला पंचायत ने नागवा **beach** के पास पोठियाडाडा **beach** के **beautification** और नागवा **beach** से खोडीधार **beach** तक नये सड़क के निर्माण की परियोजना भी शुरू कर दी है।

दमण जिला पंचायत ने 17.21 करोड़ रूपये की लागत से 262 कार्य पूरे कर लिए हैं और चालू वित्तीय वर्ष में 40.5 करोड़ रूपये की लागत से 150 कार्य भी शुरू कर रहा है। इसके तहत दमण में 54 स्कूलों में विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए प्रसाधनों के निर्माण की शानदार परियोजना भी शामिल है। इसके अलावे 90 **SC/ST** परिवारों को उनके घरों के निर्माण या मरम्मत के लिए वित्तीय सहायता भी दी गई है।

दीव नगरपालिका परिषद **solid waste management** और **sewerage system** जैसे **infrastructure** और पर्यटन की दीर्घकालिक परियोजनाओं पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। सड़कों के विकास, भवनों और अन्य परियोजनाओं पर नगरपालिका ने अब तक 8.6 करोड़ रूपये खर्च किये हैं और 2.65 करोड़ रूपये की लागत से नये कार्यालय भवन का काम भी पूरा कर लिया है। यह पर्यटन, खेल और सार्वजनिक उपयोग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाऐं भी शुरू कर रही है।

दमण नगरपालिका परिषद ने 9.38 करोड़ रूपये की लागत से कई परियोजनाओं को पूरा किया है और वर्तमान में 3.26 करोड़ रूपये की लागत से 13 परियोजनाओं को पूरा कर रही है। यह 26 करोड़ रूपये की लागत से 30 अन्य परियोजनाओं को भी शुरू करने जा रही है, जिसमें नानी दमण में एक आधुनिक **Fish Market** का निर्माण शामिल है।

**पुलिस एवं अग्निशमन सेवा**:

संघ प्रदेश में विधि एवं कानून व्यवस्था नियंत्रण में है, और लगभग सभी गंभीर अपराधिक मामलों को हल कर लिया गया है। संघ प्रशासन ने तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया जारी रखी है और इस दिशा में दीव के वणाकबारा में तटीय पुलिस स्टेशन और मोटी दमण में पुलिस जेटी का निर्माण कार्य भी जल्दी ही पूरा होने वाला है। संघ प्रदेश में **preventive-policing** को सुदृढ़ करने हेतु दमण के लिए **Automatic License Plate Recognizers (ALPR)** मँगवाये गये हैं और उन्हें विभिन्न सीमा-प्रवेश एवं निकास द्वारों पर लगाया जा रहा है। दीव में हाल ही में कुछ संवेदनशील स्थलों पर **CCTV** कैमरे लगवाये गये हैं।

जैसा कि आप जानते हैं, कि दमण एवं दीव के 126 निवासियों को **Police Constable** के रूप में नियुक्त किया गया है, जिनमें 27 महिलाऐं हैं। हम **Fireman** की भर्ती प्रक्रिया को भी जल्द ही पूरा करेंगे।

**निष्कर्ष:**

अंत में मैं पुन:, दमण एवं दीव की जनता को 53वें मुक्ति दिवस के अवसर पर बहुत बधाई देता हूँ।

हमने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है और कई महत्वपूर्ण योजनाओं एवं परियोजनाओं को लागू कर रहे हैं। मैं, सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के बहुमूल्य समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ और आशा करता हूँ कि ऐसा समर्थन हमें भविष्य में भी मिलता रहेगा।

आईए, इस संघ प्रदेश को देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए हम मिल कर आगे बढ़ें।

**.......जय हिन्द......**